# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 5

## कक्षा–10 परीक्षा 2022–23

## हिन्दी–अ (कोड–002)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'क' और 'ख'। खंड–क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड–ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं। जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड – क (बहुविकल्पी प्रश्न/वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

साहित्य ही सच्चा इतिहास है क्योंकि उसमें अपने देश और काल का जैसा चित्र होता है, वैसा कोरे इतिहास में नहीं हो सकता। घटनाओं की तालिका इतिहास नहीं है, और न राजाओं की लड़ाईयाँ ही इतिहास है। इतिहास 'जीवन' के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम है और जीवन पर साहित्य से अधिक प्रकाश और कौन वस्तु डाल सकती है, क्योंकि साहित्य अपने देश–काल का प्रतिबिंब होता है।

जीवन में साहित्य की उपयोगिता के विषय में कभी–कभी संदेह किया जाता है, जो स्वभाव से अच्छे हैं, वे अच्छे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़ें। जो स्वभाव से बुरे हैं, बुरे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़ें। इस कथन में सत्य की मात्रा बहुत कम है।

इसे सत्य मान लेना मानव–चरित्र को बदल देना होगा। जो सुंदर है, उसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है। हम कितने ही पतित हो जाएँ, पर असुंदर की ओर हमारा आकर्षण नहीं हो सकता। हम कर्म चाहे कितने ही बुरे करें यह असंभव है कि करुणा और दया, प्रेम और भक्ति का हमारे दिलों पर असर न हो।

नेपोलियन के जीवन की यह घटना प्रसिद्ध है, जब उसने एक अंग्रेज मल्लाह को झाऊ की नाव पर समुद्र पार करते देखा। जब फ्रांसीसी अपराधी मल्लाह को पकड़कर नेपोलियन के सामने लाए और उसने पूछा– तू इस भंगुर नौका पर क्यों समुद्र पार कर रहा था, तो अपराधी ने कहा–इसलिए कि मेरी वृद्ध माता घर पर अकेली है, मैं उन्हें एक बार देखना चाहता था। नेपोलियन की आँखों में आँसू छलछला आए। मनुष्य का कोमल भाग स्पंदित हो उठा। उसने उस सैनिक को फ्रांसीसी नौका पर इंग्लैंड भेज दिया।

(1) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, इतिहास है–
   (क) जीवन के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम
   (ख) घटनाओं की तालिका
   (ग) किसी युग के उत्थान–पतन की कहानी
   (घ) कला, साहित्य और धर्म से संबंधित प्रगति का नाम

(2) किसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है–
   (क) धन की ओर
   (ख) सुंदरता की ओर
   (ग) प्रतिष्ठा की ओर
   (घ) लोकप्रियता की ओर

(3) प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए–
   (क) जीवन और साहित्य
   (ख) देश और साहित्य
   (ग) मानव जीवन और साहित्य
   (घ) जीवन में साहित्य की उपयोगिता

(4) बुरे होने पर किन गुणों का हमारे दिल पर असर अवश्य पड़ता है? अनुपयुक्त विकल्प छाँटिए–
   (क) करुणा का
   (ख) दया का
   (ग) ईमानदारी का
   (घ) प्रेम और भक्ति का

(5) गद्यांश में किसके जीवन की एक प्रसिद्ध घटना का वर्णन किया गया है?
   (क) नेपोलियन
   (ख) हिटलर
   (ग) टीपू सुल्तान
   (घ) नादिर शाह

2. **निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी <u>एक</u> पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

सूख रहा है समय
इसके हिस्से की रेत
उड़ रही है आसमान में
सूख रहा है
आँगन में रखा पानी का गिलास
पँखुरी की साँस सूख रही है
जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी
उससे अब हाँफने की आवाज आती है
हर पौधा सूख रहा है
हर नदी इतिहास हो रही है
हर तालाब का सिमट रहा है कोना
यही मनुष्य का कंठ सूख रहा है
वह जेब से निकालता है पैसे और
खरीद रहा है बोतल बंद पानी
बाकी जीव क्या करेंगे अब
न उनके पास जेब है न बोतल बंद पानी।

(1) 'सूख रहा है समय' कथन का आशय है–
   (क) गर्मी बढ़ रही है
   (ख) जीवनमूल्य समाप्त हो रहे हैं
   (ग) फूल मुरझाने लगे हैं
   (घ) नदियाँ सूखने लगी हैं

(2) हर नदी के इतिहास होने का तात्पर्य है–
   (क) नदियों के नाम इतिहास में लिखे जा रहे हैं
   (ख) नदियों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है
   (ग) नदियों का इतिहास रोचक है
   (घ) लोगों को नदियों की जानकारी नहीं है

(3) "पँखुरी की साँस सूख रही है
   जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी"
   ऐसी परिस्थिति किस कारण उत्पन्न हुई?
   (क) मौसम बदल रहे हैं
   (ख) अब पक्षी के पास सुंदर चोंच नहीं रही
   (ग) पतझड़ के कारण पत्तियाँ सूख रही थीं
   (घ) अब प्रकृति की ओर कोई ध्यान नहीं देता

(4) कवि के दर्द का कारण है–
   (क) पँखुरी की साँस सूख रही है
   (ख) पक्षी हाँफ रहा है
   (ग) मानव का कंठ सूख रहा है
   (घ) प्रकृति पर संकट मँडरा रहा है

(5) 'बाकी जीव क्या करेंगे अब' कथन में व्यंग्य है–
   (क) जीव मनुष्य की सहायता नहीं कर सकते
   (ख) जीवों के पास अपने बचाव के कृत्रिम उपाय नहीं हैं
   (ग) जीव निराश और हताश बैठे हैं
   (घ) जीवों के बचने की कोई उम्मीद नहीं रही

**अथवा**

युग बदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार
बहुत हुआ, अब और न होगा, पशुता का विस्तार
ऊँच–नीच और जाति–पाति हैं, मानव का अपमान,
मानव है तो हर मानव को, समझें एक समान।
फूल–शूल दोनों का जैसे, सहती शाखा भार,
वैसे ही धरती पर सबको, जीने का अधिकार।
युग बंदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार।
मानव हैं यदि, तो हम कर लें मानवता के काम
मान होकर करें न अब हम, मानवता बदनाम
क्रूर काल के चक्रव्यूह में, समझें जीवन सार।
मानव जीवन नहीं मिला करता है बारंबार।
युग बदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार।

(1) कवि पाठक को क्या बदलने की प्रेरणा दे रहा है?
   (क) पशुता का विस्तार
   (ख) जीवन सार
   (ग) जीर्ण विचार
   (घ) इनमें से कोई नहीं

(2) मानव का अपमान क्या है?
  (क) ऊँच–नीच
  (ख) जीने का अधिकार
  (ग) थप्पड़ मारना
  (घ) शूल चुभाना

(3) धरती पर सबको जीने का अधिकार है। इसके संबंध में कवि ने किसका उदाहरण दिया है?
  (क) ऊँच–नीच
  (ख) फूल और शूल
  (ग) सूर्य और चन्द्रमा
  (घ) राजा और रंक

(4) किससे मानवता बदनाम हो जाती है?
  (क) धरती का उद्धार न करने से
  (ख) जीवन सार न समझने से
  (ग) मानवता के काम न करने से
  (घ) इनमें से कोई नहीं

(5) मानव को जीवन कितनी बार मिलता है?
  (क) चार बार
  (ख) तीन बार
  (ग) एक बार
  (घ) आठ बार

3. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) राजनीति अब व्यवसाय बनती जा रही है जो गुण्डागिरी के बल पर चलती है। रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
  (क) संयुक्त वाक्य
  (ख) मिश्र वाक्य
  (ग) सरल वाक्य
  (घ) इनमें से कोई नहीं

(2) संतोष से बढ़कर सुख नहीं। वाक्य भेद है–
  (क) मिश्र वाक्य
  (ख) सरल वाक्य
  (ग) संयुक्त वाक्य
  (घ) इनमें से कोई नहीं

(3) निम्न में संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए–
  (क) जैसा करोगे, वैसा भरोगे
  (ख) उन्हें प्रोन्नति मिल गई होगी
  (ग) वह मिलनसार था, इसलिए उसने कई मित्र बना लिए
  (घ) प्रभु, आपका कल्याण करे

(4) "न रहेगा बाँस न रहेगी बाँसुरी।" संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए–

(क) बाँस न रहने पर बाँसुरी नहीं बजती है।

(ख) बाँस न रहेगा तो बाँसुरी कैसी बजेगी।

(ग) बाँस और बाँसुरी दोनों ही नही रहेंगे।

(घ) बाँस न रहने पर बाँसुरी भी नहीं रहेगी।

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | सूर्योदय हुआ और चारों ओर रोशनी फैल गई। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | मैं दिन–भर सोया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जो आदमी पत्र बाँटता है, वह डाकिया होता है। | (iii) | मिश्र वाक्य |

विकल्प

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

4. **निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाएगी। | (i) | कर्तृवाच्य |
| (2) | मिस्त्री ने मकान बनाया। | (ii) | कर्मवाच्य |
| (3) | मुझसे अब चला नहीं जाता। | (iii) | भाववाच्य |

विकल्प

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

(2) मैं कल आपके लिए खिलौना लाऊँगा। इस वाक्य का कर्मवाच्य रूप होगा–

(क) खिलौना लाया कल मैं

(ख) मैं खिलौना लाऊँगा कल आपके लिए।

(ग) मेरे द्वारा कल आपके लिए खिलौना लाया जाएगा।

(घ) कल खिलौना लाया जाएगा मेरे द्वारा।

(3) मुझसे अब चला नहीं जाता। इस वाक्य का वाच्य भेद है–

(क) कर्तृवाच्य

(ख) भाववाच्य

(ग) कर्मवाच्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) आकाश ने मुझे पतंग दी। इस वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित सही विकल्प होगा–

(क) पतंग दी गई मुझे आकाश के द्वारा

(ख) आकाश के द्वारा मुझे पतंग दी गई।

(ग) मुझे पतंग दी गई आकाश के द्वारा

(घ) पतंग दी गई द्वारा आकाश के

(5) वह घर पहुँचा तो माँ राह देख रही थी। इस वाक्य का वाच्य भेद है–

(क) कर्तृवाच्य

(ख) भाववाच्य

(ग) कर्मवाच्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) <u>वे</u> बच्चे कभी–कभी बहुत परेशान करते हैं। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) संज्ञा, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन।

(ख) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन।

(ग) विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन।

(घ) विशेषण, सार्वनामिक, पुल्लिंग, बहुवचन।

(2) यह <u>**सुंदर**</u> चित्र किसने बनाया है? इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग ('चित्र' विशेष्य)

(ख) रीतिवाचक क्रिया विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग ('चित्र' विशेष्य)

(ग) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग

(घ) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग

(3) सचिन क्रिकेट <u>**खेल रहा है**</u>। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) अकर्मक क्रिया, एकवचन, कर्तृवाच्य, पुल्लिंग, वर्तमान काल, 'सचिन' कर्ता की क्रिया

(ख) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, 'सचिन' कर्ता की क्रिया

(ग) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(घ) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमान काल

(4) <u>वे</u> वाराणसी पहुँच चुके हैं। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) पुरूषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन।

(ख) पुरूषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन।

(ग) गुणवाचक सर्वनाम, पुल्लिग, एकवचन।

(घ) पुरूषवाचक सर्वनाम, पुल्लिग, बहुवचन।

(5) भाई साहब समाचार पत्र <u>**पढ़ रहे हैं**</u>। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) द्विकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिग।

(ख) सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिग।

(ग) अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिग।

(घ) अकर्मक क्रिया, भूतकाल, पुल्लिग।

6. **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) हौं तो स्याम रंग में चुराई चित चोरा चोरी।
बोरत तौं बोरयौं पै नीचौरत बनै नहीं।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(2) प्राण प्रिया मुख जगमगाती, नीले अंचल चीर।
मनहुँ कलानिधि झलमलै, कालिन्दी के नीर।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(3) सागर के उर पर नाच–नाच करती हैं लहरें मधुर गान।
इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(4) लो यह लतिका भी भर लाई।
मधु मुकुल नवल रस गागरी।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(5) बाण नहीं पहुंचे शरीर तक, शत्रु गिरे पहले ही भू पर।
इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

7. **निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

गाड़ी छूट रही थी। सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गए। अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताजे–चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया। सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे–जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देख जाने के संकोच में हों। नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया। हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्मसम्मान में आँखें चुरा ली।

(1) लेखक ट्रेन में सेकंड क्लास में सफर क्यों कर रहे थे?
(क) पैसे की कमी के कारण
(ख) डिब्बे को खाली देखकर
(ग) उस गाड़ी में और क्लास नहीं थी
(घ) उनके पास फर्स्ट क्लास का टिकट नहीं था।

(2) बर्थ पर कहाँ के नवाब बैठे हुए थे?
(क) इलाहाबाद के
(ख) आगरा के
(ग) लखनऊ के
(घ) वाराणसी

(3) लखनवी नवाब के चिंतन में विघ्न क्यों पड़ गया?
(क) अपने साथ खीरों को देखकर
(ख) क्योंकि गाड़ी चल पड़ी थी
(ग) वह सीट नवाब साहब की नहीं थी जिस पर वे बैठे थे
(घ) अचानक डिब्बे में लेखक के आ जाने से

(4) नवाब साहब संकोच में क्यों पड़ गए?
(क) अपने आप को सेकंड क्लास में सफर करते देखकर
(ख) खीरे जैसी वस्तु का शौक करते देखे जाने के कारण
(ग) अपनी नवाबी मानसिकता को कारण
(घ) किसी अजनबी को देखकर

(5) लेखक ने नवाब साहब से आँखें क्यों चुरा ली?
(क) नवाब साहब ने संगति के लिए कोई उत्सुकता नहीं दिखाई थी
(ख) नवाब साहब को लेखक जानता नहीं था
(ग) लेखक नवाब साहब के चिंतन में विघ्न नहीं डालना चाहता था
(घ) लेखक को वहाँ बैठकर संकोच हो रहा था।

8. **गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) बालाजी मंदिर पर अमीरुद्दीन को शहनाई बजाने से कितना मेहनताना मिलता था?
(क) 2 रुपए
(ख) अठन्नी
(ग) चवन्नी
(घ) चार रुपए

(2) मनीषियों से मिलने वाला ज्ञान उनके किस गुण के कारण हमें प्राप्त होता है?
(क) सौंदर्य के कारण
(ख) करूणा के कारण
(ग) सहज संस्कृति के कारण
(घ) इनमें से कोई नहीं

9. **निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हो,
घर–घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम,
पर–पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो,
हट नहीं रही है।
पत्तों से लदी डाल,
कहीं हरी, कहीं लाल,
कहीं पड़ी है उर में,
मंद–गंध–पुष्प–माल,
पाट–पाट शोभा–श्री,
पट नहीं रही है।

(1) पद्यांश के आधार पर बताइए कि किस ऋतु में प्रकृति की सुंदरता अत्यधिक बढ़ जाती है?
(क) फागुन (वसंत ऋतु में)
(ख) ग्रीष्म ऋतु में
(ग) शीत ऋतु में
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(2) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने किसका वर्णन किया है?
(क) प्राकृतिक सौंदर्य का
(ख) वर्षा ऋतु का
(ग) भौगोलिक सौंदर्य का
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(3) प्रस्तुत पद्यांश के पाठ का नाम तथा इसके कवि का नाम बताइए।
(क) 'उत्साह' तथा 'अट नहीं रही' (सूर्यकांत त्रिपाठी निराला)
(ख) पद (सूरदास)
(ग) कन्यादान (ऋतुराज)
(घ) यह दंतुरित मुसकान (नागार्जुन)

(4) फागुन के आगमन से पेड़ों की डालियों का स्वरूप किस तरह का हो गया है?
(क) डालियों से पत्ते झड़ गए
(ख) डालियाँ पत्तों से भर गईं
(ग) डालियाँ सूख गईं
(घ) उपरोक्त से कोई नहीं

(5) 'पट नहीं रही है' पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?
(क) सब जगह सुंदरता फैली हुई है
(ख) रंग–बिरंगे फूल–पत्ते छा गए हैं
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) पतझड़ आ गया है

10. **पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित <u>दो</u> बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) कवि संगतकार द्वारा अपने स्वर को मुख्य गायक के स्वर से कम रखने को क्या मानता है?
- (क) समझदारी
- (ख) ईमानदारी
- (ग) चालाकी
- (घ) मनुष्यता

(2) किसके कोटि–कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा बतायी गई है?
- (क) किसान के
- (ख) व्यापारी के
- (ग) कवि के
- (घ) जन–साधारण के

## खंड – ख (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. **गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$

(क) पिताजी के कॉलेज बुलाए जाने पर लेखिका को किस बात का भय था?

(ख) ''उनका बेटा बीमार है, इसकी खबर रखने की लोगों को कहाँ फुरसत'' कथन से लोगों की किस मानसिकता का आभास मिलता हैं? बालगोबिन पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) हालदार साहब ने ड्राइवर को पहले चौराहे पर गाड़ी रोकने के लिए मना किया था, लेकिन बाद में तुरंत रोकने को क्यों कहा?

(घ) 'कैसा व्यक्ति निठल्ला नहीं बैठ सकता'। संस्कृति पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

12. **पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$

(क) गोपियों ने अपनी तुलना किससे की है और क्यों?

(ख) लक्ष्मण ने 'कुम्हड़बतिया' का उदाहरण देकर अपने व्यक्तित्व की किस विशेषता की ओर संकेत किया हैं?

(ग) 'भोली आत्मकथा' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(घ) शिशु के मिट्टी में सने शरीर को देखकर कवि को कैसा लगता है?

13. **पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** $4 \times 2 = 8$

(क) 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित बैजू कौन था? उसने क्या शरारत की थी तथा उसके कारण भोलानाथ को किस प्रकार की यातना सहनी पड़ी? बालकों द्वारा की गई इस प्रकार की शरारतों के विषय में अपने स्पष्ट विचार लिखिए।

(ख) 'कटाओं' कहाँ है? उसके प्राकृतिक सौंदर्य को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ?' के आधार पर बताइए कि–
1. लेखक को कौन–सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं?
2. किसी रचनाकार के प्रेरणा–स्रोत किसी दूसरे को कुछ भी रचने के लिए किस तरह उत्साहित कर सकते हैं?

14. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– (6)

(क) **डिजिटल इण्डिया**

**संकेत बिन्दु :**

- क्षेत्र
- गठबंधन
- देश का विकास।

(ख) **ग्रामीण जीवन और भारत**

**संकेत बिन्दु :**

- गाँव और शहर
- दोनों प्रकार के जीवन में भेद
- सुविधा, असुविधा।

(ग) **भारत में सूखे की समस्या**

**संकेत बिन्दु :**

- सूखे के कारण
- प्रभाव
- बचने के उपाय।

15. गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं जिससे आप चिंतित हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपके छोटे भाई ने बोर्ड की परीक्षा में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कार में वह पिताजी से एक मोटर साइकिल चाहता है। उसे लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर समझाइए कि वयस्क होने से पहले वाहन चलाना ठीक नहीं है।

16. आप अपने आपको अनिल कुमार मानते हुए न्यूज पेपर में आए विज्ञापन में प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में मैनेजर पद पर नियुक्ति हेतु स्ववृत्त तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

हिंदी शैक्षिक भ्रमण के रूप में इस बार आपकी कक्षा किसी गाँव में एक सप्ताह तक प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम करने की इच्छा रखती है। इसके लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को ई–मेल लिखिए।

17. शैंपू बनाने वाली कंपनी के मालिक ने विज्ञापन बनाने को दिया है। आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। (4)

**अथवा**

आपका मित्र राज्य की क्रिकेट टीम में चुना गया है। लगभग 60 शब्दों में एक बधाई–संदेश लिखिए।

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 5 (सॉल्वड)

## कक्षा–10 परीक्षा 2022–23

## हिन्दी–अ (कोड–002)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'क' और 'ख'। खंड–क में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और खंड–ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं। जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

### खंड – क (बहुविकल्पी प्रश्न/वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

साहित्य ही सच्चा इतिहास है क्योंकि उसमें अपने देश और काल का जैसा चित्र होता है, वैसा कोरे इतिहास में नहीं हो सकता। घटनाओं की तालिका इतिहास नहीं है, और न राजाओं की लड़ाईयाँ ही इतिहास है। इतिहास 'जीवन' के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम है और जीवन पर साहित्य से अधिक प्रकाश और कौन वस्तु डाल सकती है, क्योंकि साहित्य अपने देश–काल का प्रतिबिंब होता है।

जीवन में साहित्य की उपयोगिता के विषय में कभी–कभी संदेह किया जाता है, जो स्वभाव से अच्छे हैं, वे अच्छे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़ें। जो स्वभाव से बुरे हैं, बुरे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़ें। इस कथन में सत्य की मात्रा बहुत कम है।

इसे सत्य मान लेना मानव–चरित्र को बदल देना होगा। जो सुंदर है, उसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है। हम कितने ही पतित हो जाएँ, पर असुंदर की ओर हमारा आकर्षण नहीं हो सकता। हम कर्म चाहे कितने ही बुरे करें यह असंभव है कि करुणा और दया, प्रेम और भक्ति का हमारे दिलों पर असर न हो।

नेपोलियन के जीवन की यह घटना प्रसिद्ध है, जब उसने एक अंग्रेज मल्लाह को झाऊ की नाव पर समुद्र पार करते देखा। जब फ्रांसीसी अपराधी मल्लाह को पकड़कर नेपोलियन के सामने लाए और उसने पूछा– तू इस भंगुर नौका पर क्यों समुद्र पार कर रहा था, तो अपराधी ने कहा–इसलिए कि मेरी वृद्ध माता घर पर अकेली है, मैं उन्हें एक बार देखना चाहता था। नेपोलियन की आँखों में आँसू छलछला आए। मनुष्य का कोमल भाग स्पंदित हो उठा। उसने उस सैनिक को फ्रांसीसी नौका पर इंग्लैंड भेज दिया।

(1) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, इतिहास है–
(क) जीवन के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम
(ख) घटनाओं की तालिका
(ग) किसी युग के उत्थान–पतन की कहानी
(घ) कला, साहित्य और धर्म से संबंधित प्रगति का नाम
**उत्तर :** (क) जीवन के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम

(2) किसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है–
(क) धन की ओर
(ख) सुंदरता की ओर
(ग) प्रतिष्ठा की ओर
(घ) लोकप्रियता की ओर
**उत्तर :** (ख) सुंदरता की ओर

(3) प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए–
(क) जीवन और साहित्य
(ख) देश और साहित्य
(ग) मानव जीवन और साहित्य
(घ) जीवन में साहित्य की उपयोगिता
**उत्तर :** (घ) जीवन में साहित्य की उपयोगिता

(4) बुरे होने पर किन गुणों का हमारे दिल पर असर अवश्य पड़ता है? अनुपयुक्त विकल्प छाँटिए–

(क) करुणा का

(ख) दया का

(ग) ईमानदारी का

(घ) प्रेम और भक्ति का

**उत्तर :** (ग) ईमानदारी का

(5) गद्यांश में किसके जीवन की एक प्रसिद्ध घटना का वर्णन किया गया है?

(क) नेपोलियन

(ख) हिटलर

(ग) टीपू सुल्तान

(घ) नादिर शाह

**उत्तर :** (क) नेपोलियन

**2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी <u>एक</u> पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

सूख रहा है समय
इसके हिस्से की रेत
उड़ रही है आसमान में
सूख रहा है
आँगन में रखा पानी का गिलास
पँखुरी की साँस सूख रही है
जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी
उससे अब हाँफने की आवाज आती है
हर पौधा सूख रहा है
हर नदी इतिहास हो रही है
हर तालाब का सिमट रहा है कोना
यही मनुष्य का कंठ सूख रहा है
वह जेब से निकालता है पैसे और
खरीद रहा है बोतल बंद पानी
बाकी जीव क्या करेंगे अब
न उनके पास जेब है न बोतल बंद पानी।

(1) 'सूख रहा है समय' कथन का आशय है–

(क) गर्मी बढ़ रही है

(ख) जीवनमूल्य समाप्त हो रहे हैं

(ग) फूल मुरझाने लगे हैं

(घ) नदियाँ सूखने लगी हैं

**उत्तर :** (ख) जीवनमूल्य समाप्त हो रहे हैं

(2) हर नदी के इतिहास होने का तात्पर्य है–

(क) नदियों के नाम इतिहास में लिखे जा रहे हैं

(ख) नदियों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है

(ग) नदियों का इतिहास रोचक है

(घ) लोगों को नदियों की जानकारी नहीं है

**उत्तर :** (ख) नदियों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है

(3) "पँखुरी की साँस सूख रही है
जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी"
ऐसी परिस्थिति किस कारण उत्पन्न हुई?

(क) मौसम बदल रहे हैं

(ख) अब पक्षी के पास सुंदर चोंच नहीं रही

(ग) पतझड़ के कारण पत्तियाँ सूख रही थीं

(घ) अब प्रकृति की ओर कोई ध्यान नहीं देता

**उत्तर :** (घ) अब प्रकृति की ओर कोई ध्यान नहीं देता

(4) कवि के दर्द का कारण है–

(क) पँखुरी की साँस सूख रही है

(ख) पक्षी हाँफ रहा है

(ग) मानव का कंठ सूख रहा है

(घ) प्रकृति पर संकट मँडरा रहा है

**उत्तर :** (घ) प्रकृति पर संकट मँडरा रहा है

(5) 'बाकी जीव क्या करेंगे अब' कथन में व्यंग्य है–

(क) जीव मनुष्य की सहायता नहीं कर सकते

(ख) जीवों के पास अपने बचाव के कृत्रिम उपाय नहीं हैं

(ग) जीव निराश और हताश बैठे हैं

(घ) जीवों के बचने की कोई उम्मीद नहीं रही

**उत्तर :** (ख) जीवों के पास अपने बचाव के कृत्रिम उपाय नहीं हैं

**अथवा**

युग बदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार
बहुत हुआ, अब और न होगा, पशुता का विस्तार
ऊँच–नीच और जाति–पाति हैं, मानव का अपमान,
मानव है तो हर मानव को, समझें एक समान।
फूल–शूल दोनों का जैसे, सहती शाखा भार,
वैसे ही धरती पर सबको, जीने का अधिकार।
युग बंदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार।
मानव हैं यदि, तो हम कर लें मानवता के काम
मान होकर करें न अब हम, मानवता बदनाम
क्रूर काल के चक्रव्यूह में, समझें जीवन सार।
मानव जीवन नहीं मिला करता है बारंबार।
युग बदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार।

(1) कवि पाठक को क्या बदलने की प्रेरणा दे रहा है?

(क) पशुता का विस्तार

(ख) जीवन सार

(ग) जीर्ण विचार

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (ग) जीर्ण विचार

(2) मानव का अपमान क्या है?

(क) ऊँच–नीच

(ख) जीने का अधिकार

(ग) थप्पड़ मारना

(घ) शूल चुभाना

**उत्तर :** (क) ऊँच–नीच

(3) धरती पर सबको जीने का अधिकार है। इसके संबंध में कवि ने किसका उदाहरण दिया है?

(क) ऊँच–नीच

(ख) फूल और शूल

(ग) सूर्य और चन्द्रमा

(घ) राजा और रंक

**उत्तर :** (ख) फूल और शूल

(4) किससे मानवता बदनाम हो जाती है?

(क) धरती का उद्धार न करने से

(ख) जीवन सार न समझने से

(ग) मानवता के काम न करने से

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (ग) मानवता के काम न करने से

(5) मानव को जीवन कितनी बार मिलता है?

(क) चार बार

(ख) तीन बार

(ग) एक बार

(घ) आठ बार

**उत्तर :** (ग) एक बार

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) राजनीति अब व्यवसाय बनती जा रही है जो गुण्डागिरी के बल पर चलती है। रचना के आधार पर वाक्य भेद है–

(क) संयुक्त वाक्य

(ख) मिश्र वाक्य

(ग) सरल वाक्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (ख) मिश्र वाक्य

(2) संतोष से बढ़कर सुख नहीं। वाक्य भेद है–

(क) मिश्र वाक्य

(ख) सरल वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (ख) सरल वाक्य

(3) निम्न में संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए–

(क) जैसा करोगे, वैसा भरोगे

(ख) उन्हें प्रोन्नति मिल गई होगी

(ग) वह मिलनसार था, इसलिए उसने कई मित्र बना लिए

(घ) प्रभु, आपका कल्याण करे

**उत्तर :** (ग) वह मिलनसार था, इसलिए उसने कई मित्र बना लिए

(4) "न रहेगा बाँस न रहेगी बाँसुरी।" संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए–

(क) बाँस न रहने पर बाँसुरी नहीं बजती है।

(ख) बाँस न रहेगा तो बाँसुरी कैसी बजेगी।

(ग) बाँस और बाँसुरी दोनों ही नही रहेंगे।

(घ) बाँस न रहने पर बाँसुरी भी नहीं रहेगी।

**उत्तर :** (घ) बाँस न रहने पर बाँसुरी भी नहीं रहेगी।

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | सूर्योदय हुआ और चारों ओर रोशनी फैल गई। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | मैं दिन–भर सोया। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जो आदमी पत्र बाँटता है, वह डाकिया होता है। | (iii) | मिश्र वाक्य |

विकल्प

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

**उत्तर :** (ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाएगी। | (i) | कर्तृवाच्य |
| (2) | मिस्त्री ने मकान बनाया। | (ii) | कर्मवाच्य |
| (3) | मुझसे अब चला नहीं जाता। | (iii) | भाववाच्य |

विकल्प

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

**उत्तर :** (ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(2) मैं कल आपके लिए खिलौना लाऊँगा। इस वाक्य का कर्मवाच्य रूप होगा–

(क) खिलौना लाया कल मैं

(ख) मैं खिलौना लाऊँगा कल आपके लिए।

(ग) मेरे द्वारा कल आपके लिए खिलौना लाया जाएगा।

(घ) कल खिलौना लाया जाएगा मेरे द्वारा।

**उत्तर :** (ग) मेरे द्वारा कल आपके लिए खिलौना लाया जाएगा।

(3) मुझसे अब चला नहीं जाता। इस वाक्य का वाच्य भेद है–

(क) कर्तृवाच्य

(ख) भाववाच्य

(ग) कर्मवाच्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (क) कर्तृवाच्य

(4) आकाश ने मुझे पतंग दी। इस वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित सही विकल्प होगा–

(क) पतंग दी गई मुझे आकाश के द्वारा

(ख) आकाश के द्वारा मुझे पतंग दी गई।

(ग) मुझे पतंग दी गई आकाश के द्वारा

(घ) पतंग दी गई द्वारा आकाश के

**उत्तर :** (ख) आकाश के द्वारा मुझे पतंग दी गई।

(5) वह घर पहुँचा तो माँ राह देख रही थी। इस वाक्य का वाच्य भेद है–

(क) कर्तृवाच्य

(ख) भाववाच्य

(ग) कर्मवाच्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (क) कर्तृवाच्य

**5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) <u>वे</u> बच्चे कभी–कभी बहुत परेशान करते हैं। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) संज्ञा, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन।

(ख) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन।

(ग) विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन।

(घ) विशेषण, सार्वनामिक, पुल्लिंग, बहुवचन।

**उत्तर :** (घ) विशेषण, सार्वनामिक, पुल्लिंग, बहुवचन।

(2) यह <u>सुंदर</u> चित्र किसने बनाया है? इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग ('चित्र' विशेष्य)

(ख) रीतिवाचक क्रिया विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग ('चित्र' विशेष्य)

(ग) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग

(घ) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग

**उत्तर :** (क) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग ('चित्र' विशेष्य)

(3) सचिन क्रिकेट <u>खेल रहा है</u>। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा–

(क) अकर्मक क्रिया, एकवचन, कर्तृवाच्य, पुल्लिंग, वर्तमान काल, 'सचिन' कर्ता की क्रिया

(ख) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, 'सचिन' कर्ता की क्रिया

(ग) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(घ) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमान काल

**उत्तर :** (ख) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, 'सचिन' कर्ता की क्रिया

(4) <u>वे</u> वाराणसी पहुँच चुके हैं। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा—

(क) पुरूषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन।

(ख) पुरूषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन।

(ग) गुणवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन।

(घ) पुरूषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन।

**उत्तर :** (घ) पुरूषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन।

(5) भाई साहब समाचार पत्र **<u>पढ़ रहे हैं</u>**। इस वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय होगा—

(क) द्विकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिग।

(ख) सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिग।

(ग) अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिग।

(घ) अकर्मक क्रिया, भूतकाल, पुल्लिग।

**उत्तर :** (ख) सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिग।

**6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) हौं तो स्याम रंग में चुराई चित चोरा चोरी।
बोरत तौं बोरयौं पै नीचौरत बनै नहीं।।

इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है—

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) मानवीकरण (घ) अतिश्योक्ति

**उत्तर :** (क) श्लेष

(2) प्राण प्रिया मुख जगमगाती, नीले अंचल चीर।
मनहुँ कलानिधि झलमलै, कालिन्दी के नीर।।

इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है—

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) मानवीकरण (घ) अतिश्योक्ति

**उत्तर :** (ख) उत्प्रेक्षा

(3) सागर के उर पर नाच—नाच करती हैं लहरें मधुर गान।
इस पंक्ति में कौन—सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) मानवीकरण (घ) अतिश्योक्ति

**उत्तर :** (ग) मानवीकरण

(4) लो यह लतिका भी भर लाई।
मधु मुकुल नवल रस गागरी।।

इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है—

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) मानवीकरण (घ) अतिश्योक्ति

**उत्तर :** (ग) मानवीकरण

(5) बाण नहीं पहुंचे शरीर तक, शत्रु गिरे पहले ही भू पर।
इस पंक्ति में कौन—सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) मानवीकरण (घ) अतिश्योक्ति

**उत्तर :** (घ) अतिश्योक्ति

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

गाड़ी छूट रही थी। सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गए। अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताजे—चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया। सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे—जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देख जाने के संकोच में हों। नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया। हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्मसम्मान में आँखें चुरा ली।

(1) लेखक ट्रेन में सेकंड क्लास में सफर क्यों कर रहे थे?

(क) पैसे की कमी के कारण

(ख) डिब्बे को खाली देखकर

(ग) उस गाड़ी में और क्लास नहीं थी

(घ) उनके पास फर्स्ट क्लास का टिकट नहीं था।

**उत्तर :** (ख) डिब्बे को खाली देखकर।

(2) बर्थ पर कहाँ के नवाब बैठे हुए थे?

(क) इलाहाबाद के

(ख) आगरा के

(ग) लखनऊ के

(घ) वाराणसी

**उत्तर :** (ग) लखनऊ के।

(3) लखनवी नवाब के चिंतन में विघ्न क्यों पड़ गया?

(क) अपने साथ खीरों को देखकर

(ख) क्योंकि गाड़ी चल पड़ी थी

(ग) वह सीट नवाब साहब की नहीं थी जिस पर वे बैठे थे

(घ) अचानक डिब्बे में लेखक के आ जाने से

**उत्तर :** (घ) अचानक डिब्बे में लेखक के आ जाने पर।

(4) नवाब साहब संकोच में क्यों पड़ गए?
(क) अपने आप को सेकंड क्लास में सफर करते देखकर
(ख) खीरे जैसी वस्तु का शौक करते देखे जाने के कारण
(ग) अपनी नवाबी मानसिकता को कारण
(घ) किसी अजनबी को देखकर

**उत्तर :** (ख) खीरें जैसी वस्तु का शौक करते देखे जाने के कारण।

(5) लेखक ने नवाब साहब से आँखें क्यों चुरा ली?
(क) नवाब साहब ने संगति के लिए कोई उत्सुकता नहीं दिखाई थी
(ख) नवाब साहब को लेखक जानता नहीं था
(ग) लेखक नवाब साहब के चिंतन में विघ्न नहीं डालना चाहता था
(घ) लेखक को वहाँ बैठकर संकोच हो रहा था।

**उत्तर :** (क) नवाब साहब ने संगति के लिए कोई उत्सुकता नहीं दिखाई थी।

**8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– $(1 \times 2 = 2)$**

(1) बालाजी मंदिर पर अमीरुद्दीन को शहनाई बजाने से कितना मेहनताना मिलता था?
(क) 2 रुपए
(ख) अठन्नी
(ग) चवन्नी
(घ) चार रुपए

**उत्तर :** (ख) अठन्नी

(2) मनीषियों से मिलने वाला ज्ञान उनके किस गुण के कारण हमें प्राप्त होता है?
(क) सौंदर्य के कारण
(ख) करूणा के कारण
(ग) सहज संस्कृति के कारण
(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (ग) सहज संस्कृति के कारण

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– $(1 \times 5 = 5)$**

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हो,
घर–घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम,
पर–पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो,
हट नहीं रही है।
पत्तों से लदी डाल,
कहीं हरी, कहीं लाल,
कहीं पड़ी है उर में,
मंद–गंध–पुष्प–माल,
पाट–पाट शोभा–श्री,
पट नहीं रही है।

(1) पद्यांश के आधार पर बताइए कि किस ऋतु में प्रकृति की सुंदरता अत्यधिक बढ़ जाती है?
(क) फागुन (वसंत ऋतु में)
(ख) ग्रीष्म ऋतु में
(ग) शीत ऋतु में
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर :** (क) फागुन (वसंत ऋतु में)

(2) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने किसका वर्णन किया है?
(क) प्राकृतिक सौंदर्य का
(ख) वर्षा ऋतु का
(ग) भौगोलिक सौंदर्य का
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर :** (क) प्राकृतिक सौंदर्य का

(3) प्रस्तुत पद्यांश के पाठ का नाम तथा इसके कवि का नाम बताइए।
(क) 'उत्साह' तथा 'अट नहीं रही' (सूर्यकांत त्रिपाठी निराला)
(ख) पद (सूरदास)
(ग) कन्यादान (ऋतुराज)
(घ) यह दंतुरित मुसकान (नागार्जुन)

**उत्तर :** (क) 'उत्साह' तथा 'अट नहीं रही' (सूर्यकांत त्रिपाठी निराला)

(4) फागुन के आगमन से पेड़ों की डालियों का स्वरूप किस तरह का हो गया है?
(क) डालियों से पत्ते झड़ गए
(ख) डालियाँ पत्तों से भर गईं
(ग) डालियाँ सूख गईं
(घ) उपरोक्त से कोई नहीं

**उत्तर :** (ख) डालियाँ पत्तों से भर गईं

(5) 'पट नहीं रही है' पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?

(क) सब जगह सुंदरता फैली हुई है

(ख) रंग–बिरंगे फूल–पत्ते छा गए हैं

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) पतझड़ आ गया है

**उत्तर :** (ग) (क) और (ख) दोनों

**10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– $(1 \times 2 = 2)$**

(1) कवि संगतकार द्वारा अपने स्वर को मुख्य गायक के स्वर से कम रखने को क्या मानता है?

(क) समझदारी

(ख) ईमानदारी

(ग) चालाकी

(घ) मनुष्यता

**उत्तर :** (घ) मनुष्यता

(2) किसके कोटि–कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा बतायी गई है?

(क) किसान के

(ख) व्यापारी के

(ग) कवि के

(घ) जन–साधारण के

**उत्तर :** (क) किसान के

## खंड – ख (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– $(2 \times 3 = 6)$**

(क) पिताजी के कॉलेज बुलाए जाने पर लेखिका को किस बात का भय था?

**उत्तर :**

पिताजी के कॉलेज बुलाए जाने पर लेखिका को यह भय था कि वहाँ प्रिंसिपल उसके पिता जी से खूब शिकायत करेंगी जिससे पिता जी क्रोधित होंगे और घर आकर उसे (मन्नू को) खूब डाँट–फटकार लगाएँगे।

(ख) ''उनका बेटा बीमार है, इसकी खबर रखने की लोगों को कहाँ फुरसत'' कथन से लोगों की किस मानसिकता का आभास मिलता हैं? बालगोबिन पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर :**

उनका बेटा बीमार है, इसकी खबर रखने की लोगों को कहाँ फुरसत' कथन से समाज की लापरवाही और असंवेदनशीलता का पता चलता है। आज का समाज अपनी लाभ–हानि का ज्यादा हिसाब रखता है। उसे दूसरों के कष्टों की परवाह नहीं होता।

(ग) हालदार साहब ने ड्राइवर को पहले चौराहे पर गाड़ी रोकने के लिए मना किया था, लेकिन बाद में तुरंत रोकने को क्यों कहा?

**उत्तर :**

हालदार साहब ने ड्राइवर को पहले चौराहे पर गाड़ी रोकने के लिए मना किया था, क्योंकि वे सोच रहे थे कि सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर चश्मा न लगा होगा लेकिन नेताजी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा देखकर वे आश्चर्यचकित हो गए और तुरंत गाड़ी रोकने को कहा।

(घ) 'कैसा व्यक्ति निठल्ला नहीं बैठ सकता'। संस्कृति पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**उत्तर :**

ऐसा मानव जिसको पेट भर रोटी और तन ढँकने को वस्त्र मिल जाते हैं, वह फिर भी नई–नई बातों को जानना चाहता है, नित नए रहस्य खोजना चाहता है कभी निठल्ला नहीं बैठ सकता। वह नित नई बातों के तथ्य को खोजेगा, आविष्कार करेगा।

**12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– $(2 \times 3 = 6)$**

(क) गोपियों ने अपनी तुलना किससे की है और क्यों?

**उत्तर :**

गोपियों ने अपनी तुलना गुड़ से चिपकी हुई चीटी से की है। वे कृष्ण की तुलना गुड़ से करती है और खुद को उससे लिपटी–चिपटी चींटी बताती है जो इसी तरह गुड़ में खप जाती है।

(ख) लक्ष्मण ने 'कुम्हड़बतिया' का उदाहरण देकर अपने व्यक्तित्व की किस विशेषता की ओर संकेत किया हैं?

**उत्तर :**

लक्ष्मण ने कुम्हड़बतिया का उदाहरण देकर वाक्पटुता, निर्भीकता, वीरता और व्यंग्य–कुशलता का भी परिचय दिया है। कुम्हडबतिया का प्रयोग बेहद ही प्रभावी बन पड़ा है। इससे परशुराम तो चिढ़ते ही हैं साथ ही हास्य रस की उत्पत्ति भी होती है।

(ग) 'भोली आत्मकथा' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

**उत्तर :**

कवि 'भोली आत्मकथा' के माध्यम से यह कहना चाहता है कि उसने पूरा जीवन सरलता और भोलेपन में जिया है। उसके जीवन में छल–कपट, चतुराई और धूर्तता नहीं है। अतः उसके जीवन में संतुष्टि तो है लेकिन किसी को कुछ सीख देने की शक्ति नहीं है।

(घ) शिशु के मिट्टी में सने शरीर को देखकर कवि को कैसा लगता है?

**उत्तर :**

बच्चे का धूल से सना शरीर देखकर कवि को लगता है कि कमल का फूल तालाब छोड़कर उसकी झोंपड़ी में ही खिल उठा है, क्योंकि जिस प्रकार कमल के फूल पर परागकण लिपटे हुए रहते हैं, उसी प्रकार बालक के फूल के समान कोमल व सुंदर शरीर पर धूल के कण लिपटे हुए हैं।

**13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $4 \times 2 = 8$

(क) 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित बैजू कौन था? उसने क्या शरारत की थी तथा उसके कारण भोलानाथ को किस प्रकार की यातना सहनी पड़ी? बालकों द्वारा की गई इस प्रकार की शरारतों के विषय में अपने स्पष्ट विचार लिखिए।

**उत्तर :**

'माता का अँचल' पाठ में वर्णित बैजू भोलानाथ का शरारती और ढीठ मित्र था। उसने सबसे पहले वृद्ध मूसन तिवारी को चिढ़ाते हुए उनके साथ छेड़छाड़ की थी जिसके कारण गुरू जी के सिपाही–लड़के भोलानाथ पर टूट पड़े और गुरू जी ने उसे पाठशाला में डाँटा। दूसरी बार उसने एक टीले पर जाकर चूहों के बिल से पानी उलीच रहा था तो साँप निकल आया जिससे भोलानाथ डर के मारे भागा और वह स्वयं भी थर–थर काँपने लगा। तब उसके पैरों में भी चोट लगी। इस प्रकार की शरारतें स्वाभाविक होती हैं। इनसे बच्चों को भावी–जीवन के लिए सबक भी मिलता है।

(ख) 'कटाओं' कहाँ है? उसके प्राकृतिक सौंदर्य को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**उत्तर :**

'कटाओ' भारत के पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम में 'लायुंग' से 500 फीट की ऊँचाई पर था। 'कटाओं' इतना सुंदर है कि यह भारत के स्विट्ज़रलैंड के नाम से जाना जाता है। यहाँ चारों तरफ़ बर्फ़ बिखरी रहती है। यहाँ के हिमशिखर एक प्रकार के जल स्तंभ हैं जो सर्दियों में बर्फ़ के रूप में जल का संग्रहण करते हैं और गर्मियों में ये शिलाएँ पिघलकर जलधाराओं में परिवर्तित हो जाती हैं। यहाँ पर कोई दुकान न होने से यहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य अछूता व अनूठा नैसर्गिक है जिसे देखते ही मन मुग्ध हो जाता है।

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ?' के आधार पर बताइए कि–

1. लेखक को कौन–सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं?
2. किसी रचनाकार के प्रेरणा–स्रोत किसी दूसरे को कुछ भी रचने के लिए किस तरह उत्साहित कर सकते हैं?

**उत्तर :**

1. लेखक की भीतरी विवशता उन्हें लिखने के लिए प्रेरित करती है। जब लेखक लिख लेता है, तो वह भीतरी छटपटाहट से मुक्त हो जाता है। संपादकों का आग्रह, प्रकाशक के कहने से या आर्थिक आवश्यकता इत्यादि बाहरी विवशता है। ये सभी लेखक के प्रेरणास्रोत हैं।
2. वैसे तो लेखन लेखक के आंतरिक जीवन से जुड़ा होता है। एक लेखक के प्रेरणास्रोत आंतरिक या बाह्य दबाव हो सकते हैं। कारण कोई भी हो लेकिन उसके लेखन में यदि सामाजिक–मूल्यों की रक्षा हुई, नए मानदंड स्थापित हुए या कुछ ऐसा किया गया, जिससे वे प्रसिद्ध हुए या धन लाभ का कारण बना, तो वह दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाएगा। जैसे वाल्मीकि ने रामकथा का आरंभ किया, फिर तुलसीदास, कवि कंबन, मैथिलीशरण गुप्त आदि ने इसे आगे बढ़ाया। सूरदास के भ्रमरगीत की परंपरा को अनेक कवियों ने आगे बढ़ाया।

**14. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** (6)

(क) **डिजिटल इण्डिया**

**संकेत बिन्दु :**

- क्षेत्र
- गठबंधन
- देश का विकास।

(ख) **ग्रामीण जीवन और भारत**

**संकेत बिन्दु :**

- गाँव और शहर
- दोनों प्रकार के जीवन में भेद
- सुविधा, असुविधा।

(ग) **भारत में सूखे की समस्या**

**संकेत बिन्दु :**

- सूखे के कारण
- प्रभाव
- बचने के उपाय।

**उत्तर :**

## (क) डिजिटल इण्डिया

डिजिटल इण्डिया एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसका लक्ष्य भारत को विश्व का एक बेहतर नियंत्रित स्थान बनाना है। ये अभियान देश के जाने माने उद्योगपतियों की मौजूदगी में 1 जुलाई, 2015 को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू किया गया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस प्रोजेक्ट को एक लाख करोड़ रुपये अनुमोदित किये गये हैं और 2019 तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। डिजिटल इण्डिया का विजन तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केन्द्रित है। ये हैं– हर नागरिक के लिए उपयोगिता के तौर पर

डिजिटल ढांचा, मांग पर संचालन एवं सेवाएँ और नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण। डिजिटल इण्डिया में डेटा का डिजिटलाईजेशन आसानी से होगा जो आगे चल कर चीजों को तेज और ज्यादा मजबूत बनाने में सहायक होगा। ये कागजी कार्य, समय और मानव श्रम की भी बचत करेगा। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच गठबंधन के द्वारा ये प्रोजेक्ट गति पकड़ेगा। आपस में जुड़े हुए बड़ी संख्या के गाँव वास्तव में पिछड़े क्षेत्रों से पूर्ण रूप से डिजिटली लैस इलाकों के रूप में एक बड़े बदलाव से गुजरेंगे। भारत में सभी शहर, नगर और गाँव ज्यादा तकनीकी होंगे। डिजिटल इंडिया, भारत सरकार की एक बहुउपयोगी और सार्थक पहल है जिसका देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान रहेगा।

## (ख) ग्रामीण जीवन और भारत

भारत को गाँवों का देश कहा जाता है। देश की विस्तृत आबादी आज भी यहाँ के गाँवों में ही रहती है। आजादी के सात दशक बाद भी यहाँ दो देश की झलक मिलती है– एक 'भारत' एवं एक इंडिया। यह देश के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों की वास्तविकता बताने के लिए काफी है। ग्रामीण शहरी जीवन की कठिनाइयों से घबराते हैं। उन्हें शहरों का शोर–शराबा, भीड़, धुआँ और प्रदूषण घातक लगता है। शहर में नित नए अपराध भी उन्हें सताते हैं। शहरी जीवन कठिन चुनौतियों से भरपूर और अत्यंत ही गतिशील होता है। नवीनतम और अत्याधुनिक सुख–सुविधाओं के साधन सहजता से उपलब्ध होते हैं लेकिन सभी अति व्यस्त जीवन जीते हैं। वे ग्रामीणों की तरह धूप, हरियाली और शांतिपूर्ण वातावरण का आनन्द लेने से वंचित रह जाते हैं। आज गाँवों में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, परिवहन और बिजली जैसी समस्याओं का भी अभाव है। हम गाँव में रहे या शहर में सही संतुलन रखना आवश्यक है क्योंकि ये दोनों ही भारत के विकास के अभिन्न अंग हैं।

## (ग) भारत में सूखे की समस्या

सूखा एक मंद गति से उत्पन्न आपदा है, जो हमारे आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक क्षेत्र को कमजोर करता है। इससे विकास की प्रक्रिया उलट जाती है। यह एक विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है जो लगातार पानी की कमी से उत्पन्न होती है। सूखा सामान्यतः जल असंतुलन, कृषि, पशुधन अथवा मानव आवश्यकताओं को बुरी तरह से प्रभावित करती है। इसके कारणों में मुख्य हैं– दक्षिण पश्चिम मानसून का देरी से शुरू होना, मानसून में अंतराल या समय पूर्ण समाप्त होना तथा इसका असमान रूप से होना। मानवीय गतिविधियाँ भी सूखे को आमंत्रित करती हैं जैसे– वन कटाई, भू–उपयोग में परिवर्तन और अत्यधिक घास का चरना। ग्लोबल वार्मिंग और ग्रीन हाउस प्रभाव भी सूखे पड़ने के कारणों में सहायक होते है। इससे बचने के लिए हमें जल संसाधन प्रबंधन को उन्नत करना होगा। बाँध बनाना, जल संचयन प्रबंधन, वन उन्मूलन पर रोक, सूखारोधी फसलों का चयन करने के साथ लोगों को शिक्षित, प्रशिक्षित और जागरूक बनाना होगा ताकि इसकी रोकथाम कर सकें और सूखे जैसी आपदाओं से मुक्त रहे, दूर रहे।

**15. गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं जिससे आप चिंतित हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** (5)

**उत्तर :**

सेवा में,

थानाध्यक्ष महोदय,

यमुना विहार, दिल्ली

दिनांक : 4 जून, 20xx

**विषय :** कॉलोनी में यथोचित सुरक्षा प्रबंध हेतु अनुरोध।

महोदय,

गत कुछ दिनों से यमुना विहार क्षेत्र में अपराधों की संख्या में बहुत वृद्धि हुई है। यहाँ आए दिन चोरियाँ होती हैं। अभी दो दिन पहले ही यहाँ से पाँच कारों और दो स्कूटरों की चोरी हुई है। कई घर लूटे जा चुके हैं। इतना ही नहीं, बल्कि राह चलती औरतों और लड़कियों को भी सताया जाता है, जो भी उन्हें बचाने के लिए आता है, उसके साथ मार–पीट की जाती है। इन हालात में हमारा यहाँ रहना खतरे से खाली नहीं है।

अतः आपसे प्रार्थना है कि आप इस कॉलोनी के निवासियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा का प्रबंध करें और साथ ही विशेष पुलिस–गश्त की भी व्यवस्था करें।

आशा है कि आप हमारी प्रार्थना की ओर ध्यान देंगे और इस दिशा में शीघ्र ही कोई ठोस कदम उठाएँगे।

धन्यवाद!

भवदीय

पवन उज्ज्वल

13/10, द्वारका,

नई दिल्ली

**अथवा**

**आपके छोटे भाई ने बोर्ड की परीक्षा में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कार में वह पिताजी से एक मोटर साइकिल चाहता है। उसे लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर समझाइए कि वयस्क होने से पहले वाहन चलाना ठीक नहीं है।**

**उत्तर :**

रजनीश पात्रा

21, गली नं. 1,

चकरौता रोड, देहरादून

दिनांक : 22 मार्च 20xx

प्रिय कमलेश,

स्नेह!

आजकल तुम बहुत खुश होगे। मुझे घर से समाचार मिला कि तुमने इस बार दसवीं की परीक्षा में 95% अंक पाए हैं तथा पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तुम्हें बहुत बधाई!

पिताजी बता रहे थे कि वे तुम्हारे लिए नई मोटर साइकिल खरीदने की योजना बना रहे हैं। तुमने पुरस्कार में मोटर साइकिल माँगी होगी। मैं चाहता हूँ कि तुम मोटर साइकिल की जगह और चीज़ ले लो। मोटर साइकिल लेने में दो परेशानियाँ हैं। पहली यह कि अभी तुम 18 साल के नहीं हुए हो। जब भी गाड़ी चलाओगे, पुलिस द्वारा पकड़े जाने का डर रहेगा। इस चक्कर में तुम सड़क पर आँख बचाकर निकलोगें भय और बचाव के कारण तुम्हें दुख अधिक मिलेंगे, सुख कम। दूसरे, अगर तुमने नई मोटर साइकिल ले ली तो इस पर सवारी करने का मन भी करेगा। तब तुम्हारा ध्यान पढ़ाई से हटकर सैर–सपाटे में लगेगा। आगे 11–12 कक्षा की पढ़ाई है। मैं चाहता हूँ कि तुम्हारा ध्यान इधर–उधर न भटके। इसलिए मोटर साइकिल लेने का विचार कुछ समय के लिए टाल कर अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाओ और आगे भी ऐसे ही माता–पिता का नाम रोशन करते रहो।

आशा है, तुम मेरे सुझाव का सम्मान करोगे।

तुम्हारा भाई
रजनीश

**16. आप अपने आपको अनिल कुमार मानते हुए न्यूज पेपर में आए विज्ञापन में प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में मैनेजर पद पर नियुक्ति हेतु स्ववृत्त तैयार कीजिए।** (5)

**उत्तर :**

**स्ववृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | अनिल कुमार |
| पिता का नाम | : | सुरेश कुमार |
| माँ का नाम | : | सरिता |
| जन्म तिथि | : | 18 नवंबर, 1982 |
| वर्तमान पता | : | डी 72, पाकेट चार, मयूर विहार (फेज एक) दिल्ली 110092 |
| स्थयी पता | : | डी 72, पाकेट चार, मयूर बिहार (फेज एक) दिल्ली 110092 |
| टेलिफोन नं | : | 011–2271xxxx |
| मोबाइल नं. | : | 986823xxxx |
| ई–मेल | : | jeevaple@gmail.com |

**शैक्षणिक योग्यताएँ**

| क्र. सं. | परीक्षा / डिग्री / डिप्लोमा | वर्ष | विद्यालय / बोर्ड / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय | विषय | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | 1997 | सीबीएसई | हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, गणित | प्रथम | 93% |
| 2. | बारहवीं | 1999 | सीबीएसई | हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र | प्रथम | 91% |
| 3. | बी.एस. सी. (ऑनर्स) | 2002 | हिंदू कॉलेज, दिल्ली | हिंदी | प्रथम | 84% |
| 4. | एमबीए | 2004 | आदर्श इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट | हिंदी | प्रथम | 85% |

**अन्य संबंधित योग्यताएँ**

- एम.एस. ऑफिस व इंटरनेट का अच्छा ज्ञान और अभ्यास
- फ्रांसीसी भाषा का कार्य योग्य ज्ञान

**उपलब्धियाँ**

- अखिल भारतीय वाद्–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार (2001)
- राजीव गाँधी स्मारक निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार (2002)
- विद्यालय और महाविद्यालय क्रिकेट टीमों का कप्तान

**कार्येतर गतिविधियाँ और अभिरुचियाँ**

- उद्योग व्यापार संबंधी पत्रिकाओं और अखबारों का नियमित पाठन
- देश भ्रमण का शौक
- इंटरनेट सर्फिंग
- फुटबॉल और क्रिकेट में अभिरुचि

**संदर्भित व्यक्तियों का विवरण**

- श्री. अरूण कुमार, निदेशक, आदर्श इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लोदी इस्टेट, नई दिल्ली
- श्री राजेन्द्र गुप्ता, प्राध्यापक (मार्केटिंग), आदर्श इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लोदी इस्टेट, नई दिल्ली

तिथि : 07.10.20xx — अनिल
स्थान : दिल्ली — हस्ताक्षर

**अथवा**

**हिंदी शैक्षिक भ्रमण के रूप में इस बार आपकी कक्षा किसी गाँव में एक सप्ताह तक प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम करने की इच्छा रखती है। इसके लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को ई–मेल लिखिए।**

उत्तर :

| | |
|---|---|
| From | anujsharma89@gmail.com |
| To | principalgsss@gmail.com |
| Subject | हिंदी शैक्षिक भ्रमण के लिए किसी गाँव में भेजने का आग्रह। |

सेवा में,
प्रधानाचार्य
राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
शक्तिनगर, कानपुर (उत्तर प्रदेश)
महोदय,

जैसा कि आप जानते ही हैं, हमारे विद्यालय की ओर से प्रतिवर्ष शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जाता है। हमारी कक्षा के सभी विद्यार्थी चाहते हैं कि इस कार्यक्रम के तहत इस बार कानपुर देहात के किसी एक गाँव में एक सप्ताह का समय बिताएँ। इस दौरान हम यहाँ के निरक्षर लोगों को अक्षर ज्ञान करवाने का प्रयास करें। हमारे लिए यह अवसर एक पंथ दो काज करने के समान होगा। उनके बीच रहकर हम ग्रामीण जीवन के बारे में बहुत कुछ जान सकेंगे और अपनी ओर से उन्हें विद्यादान दे सकेंगे। हम आशा करते हैं कि आप हमारी भावनाओं को देखते हुए हमें इस साल शैक्षिक भ्रमण के लिए किसी गाँव में जाने की अनुमति देकर कृतार्थ करेंगे।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
अनुज शर्मा (मॉनिटर)
कक्षा – 10 'बी'

**17. शैंपू बनाने वाली कंपनी के मालिक ने विज्ञापन बनाने को दिया है। आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। (4)**

उत्तर :

***घने और सिल्की***

***बालों का राज!***

ऑफर सीमित समय के लिए
पाइए शैम्पू की एक बोतल के साथ एक साबुन
बिस्कुल फ्री

# रेविन शैंप

अब पाइए सुनहरे बालों के साथ
मुलायम सर्फ रुपये 140 में

बाल ऐसे की हर कोई दिवाना हो जाए!

*आपके नजदीकी किराणा और फैन्सी स्टोर्स पर उपलब्ध*

**अथवा**

**आपका मित्र राज्य की क्रिकेट टीम में चुना गया है। लगभग 60 शब्दों में एक बधाई-संदेश लिखिए।**

उत्तर :

**संदेश**

14 मार्च, 20xx — सायं 6:30 बजे

प्रिय गजराज!

आज ही मुझे विद्यालय के सूचना–पट्ट के माध्यम से पता चला कि तुम्हारा चयन राज्य स्तर की क्रिकेट टीम में हो गया है। इतना अच्छा समाचार जानकर अपार हर्ष हुआ। तुम्हारी इस सफलता पर मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएँ। ईश्वर से कामना करता हूँ कि तुम निरंतर यूँ ही जीवन के पथ पर सफलता प्राप्त करते रहो। अब तो मैं उस दिन की प्रतीक्षा कर रहा हूँ जब तुम क्रिकेट के खेल में अपने देश का प्रतिनिधित्व करोगे। युवराज की तरह छह गेंदों पर छह छक्के ठोको और पूरे संसार में छा जाओ। ढेर सारी शुभकामनाएँ!

सचिन